प्री-प्राइमरी

Public education
Discover a world of opportunities

राइटिंग और स्पेलिंग : घर पर सीखना

राइटिंग एवं स्पेलिंग सम्बन्धित सुझाव

मिलकर पढ़ें

अपनी संतान के साथ नियमित तौर पर किताबें पढ़ें। उनकी कहानियाँ उन्हें बार-बार पढ़कर सुनायें। आम शब्दों की ओर इशारा करें और इन्हें मिलकर स्पेल करें।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि बच्चे अलग-अलग गति से विकास करते हैं। धैर्य बनाए रखें, सकारात्मक रहें और सहयोगी बनें, और कोशिश करने के लिए उनकी प्रशंसा करना सुनिश्चित करें भले ही उन्होंने गलत जवाब दिया हो। यदि आप अपनी संतान की प्रगति को लेकर चिंतित हैं, तो उनके टीचर से बात करें।

मिलकर लिखें

अपनी संतान के साथ शॉपिंग सूची लिखें। आप जो कर रहे/रही हों और जो लिख रहे/रही हों, उसके बारे में बात करें। उनसे भी शॉपिंग सूची लिखने के लिए कहें। कोशिश करने के लिए अपनी संतान को प्रोत्साहित करें, क्योंकि अपने लेखन का अभ्यास करने से उनमें आत्म-विश्वास बढ़ता है।

शब्द बनाना

शब्दों के अक्षरों को अलग क्रम में लगाकर दूसरे शब्द बनाने की कोशिश करें। आसान शब्दों से शुरुआत करते हुए कठिन शब्दों की ओर बढ़ें: *जैसे कि on एवं no; dad एवं add; art, rat एवं tar; bats एवं stab*। इन्हें विपर्यय शब्द कहा जाता है।

अंग्रेज़ी वर्णमाला के 26 अक्षर 44 अलग-अलग ध्वनियाँ बनाते हैं। उदाहरणत; अक्षर a की apple, craft, any और apron में अलग-अलग ध्वनि होती है।

स्पेलिंग महत्वपूर्ण है

जब आप बाहर घूम-फिर रहे/रही हों तो संकेतों के बारे में बात करें। उदाहरणत: अपनी स्ट्रीट के नाम की ओर इशारा करें ताकि आपनी संतान यह समझे कि शब्दों का कोई उद्देश्य होता है।

राइमिंग गेम्स (तुकांत खेल)

राइमिंग गेम्स खेलें, जैसे कि: *ऐसी कौन सी चीज़ है जो अति सुन्दर होती है, नरम होती है और जिसकी mitten शब्द के साथ तुकबंदी होती है?*

लिखना और स्पेल करना ऐसी प्रक्रियाएँ हैं जिन्हें सीखने में समय लगता है। बच्चे अलग-अलग तरीकों और अलग-अलग गति से सीखते हैं। धैर्य बनाए रखें और उनके प्रत्यनों की हमेशा सराहना करें।

वड्र्स ऑन व्हील्स

- कार, बस और ट्रेन में आई स्पाई खेल खेलें।
- स्ट्रीट और ट्रैफिक संकेत पढ़ें, जैसे कि STOP संकेत। यह वर्णन करें कि इस शब्द का अर्थ होता है रुकें और यहाँ रुकना क्यों महत्वपूर्ण होता है। इससे आपकी संतान को यह समझने में मदद मिलती है कि सही स्पेलिंग करना क्यों महत्वपूर्ण है।
- *वर्ड डिटेक्टिव खेलें।* अपनी संतान से सवाल पूछें जैसे कि: *boat शब्द के साथ कौन से शब्द की तुकबंदी होती है? और long शब्द का विलोम शब्द कौन सा है?*

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी education.wa.edu.au पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY